प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 07.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की वार्षिक आम बैठक संपन्न, स्पीकर रबिन्द्र नाथ महतो ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने पर दिया जोर।
2. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में रांची में हुई दिशा की बैठक, जुडको की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, कृषि मंत्री ने यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की उठाई मांग।
3. प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा, बिजली कटौती पर राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान।
4. उपराष्ट्रपति ने इग्नू का 39वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित, रांची के कामकाजी युवाओं और महिलाओं को मिलीं डिग्रियां।

और

5. राज्य की अंडर–19 महिला टीम की सात खिलाड़ियों का एनसीए कैंप के लिए हुआ चयन, हॉकी इंडिया सब–जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड ने बिहार को हराया।

*******************

झारखंड विधानसभा में आज राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की वार्षिक आम बैठक हुई। विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में लोकतांत्रिक मूल्यों और वैश्विक संसदीय परंपराओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने कहा कि यह मंच दुनिया के 56 देशों की विधायी संस्थाओं को जोड़ता है। इस दौरान सदन के सुचारू संचालन और दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि देने के साथ समन्वय पर भी जोर दिया गया।

*******************

रांची के एटीआई सभागार में आज जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति–दिशा की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें रांची के सासंद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। श्री सेठ ने जुडको की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए पेयजल आपूर्ति और स्मार्ट मीटर की समस्याओं पर चिंता व्यक्त की।

वहीं, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने केंद्र से राज्य को यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

*******************

रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज नवनियुक्त पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी उपस्थित रहे। श्री सिंह ने आगामी सांगठनिक कार्यों का मार्गदर्शन दिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के वरिष्ठ नेता अमर बाउरी ने बताया कि पार्टी राज्य में बिजली कटौती के खिलाफ जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगी। साथ ही अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने और सरकार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तैयार की गई है।

*******************

राज्य की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने स्पष्ट किया है कि राज्य में पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर और ओबीसी आरक्षण के आधार पर होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का प्रस्ताव केंद्र को भेजा है। मंत्री ने अधिकारियों को चुनाव की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए हैं।

*******************

इग्नू का 39वां दीक्षांत समारोह आज संपन्न हुआ। मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली में हुआ, जहां उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने छात्रों को संबोधित किया। वहीं, रांची के डोरंडा कॉलेज में आयोजित क्षेत्रीय समारोह में झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सारंग मेढ़ेकर ने सफल छात्रों को डिग्रियां प्रदान कीं। कुलपति ने इग्नू को कामकाजी लोगों के लिए शिक्षा का सशक्त माध्यम बताया और डिग्री पाने वाले युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डिग्रिया पाकर छात्र–छात्राएं बेहद उत्साहित दिखे।

*******************

केन्द्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया के संकट के बावजूद ईंधन की कोई कमी नहीं है और 5 किलो वाले छोटे सिलेंडरों की बिक्री में भारी बढ़ोतरी देखी गई है।

वहीं, पत्तन मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक और जहाज पूरी तरह सुरक्षित हैं।

*******************

बोकारो कोषागार से अवैध निकासी मामले में आज बड़ा खुलासा हुआ है। जांच के दौरान घोटाले की राशि बढ़कर 4 करोड़ 29 लाख रुपये से अधिक पाई गई है। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग के अकाउंटेंट कौशल कुमार पाण्डे ने एक रिटायर्ड हवलदार के नाम का इस्तेमाल कर पिछले तीन वर्षों में 63 बार फर्जी निकासी की। आरोपी ने यह राशि अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और मामले की गहन जांच जारी है।

इस बीच पूर्व सांसद सूरज मंडल ने राज्य की हेमंत सरकार पर तीखा हमला बोला है। बोकारो परिसदन में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की और पूरे मामले की केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने पर जोर दिया।

*******************

राज्य में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पिछले 24 घंटों में पूर्वी सिंहभूम के गुड़ाबांधा में सर्वाधिक 52 दशमलव 2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कल रांची सहित 17 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। प्रशासन ने लोगों को खराब मौसम में सतर्क रहने की सलाह दी है।

*******************

झारखंड क्रिकेट के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। राज्य की अंडर–19 क्रिकेट टीम की सात महिलाओं का चयन पहली बार नेशनल क्रिकेट अकादमी यानी एनसीए कैंप के लिए हुआ है।

प्रियंका लूथरा, कुमारी पलक और नेहा साहू समेत सात खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जेएससीए ने हर्ष जताया है।

*******************

रांची में खेली जा रही 16वीं हॉकी इंडिया सब–जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में आज मेजबान झारखंड ने बिहार को एकतरफा मुकाबले में 9–0 से हरा दिया। मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में खेले गए इस मैच में झारखंड की खिलाड़ियों ने शुरू से ही बढ़त बनाए रखी और बिहार को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। झारखंड ने इससे पहले हॉकी महाराष्ट्र को 6–0 के बड़े अंतर से मात दी थी।

*******समाप्त************